C·SCP J09

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**T.B.C. : P-DTQ-J-DPN** **Test Booklet Series**

**Serial No.** 8997

**A**

# TEST BOOKLET

## COMMERCE

**Time Allowed : Two Hours** **Maximum Marks : 300**

### INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET *DOES NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. ENCODE CLEARLY THE TEST BOOKLET SERIES **A, B, C** OR **D** AS THE CASE MAY BE IN THE APPROPRIATE PLACE IN THE ANSWER SHEET.
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. *DO NOT* write *anything else* on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose *ONLY ONE* response for each item.
5. You have to mark all your responses *ONLY* on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet*. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third (0·33)** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

1. Which one of the following is the correct sequence of steps followed in accounting of transactions?

   (a) Classification–Source document–Summarization–Recording

   (b) Source document–Recording–Classification–Summarization

   (c) Recording–Summarization–Classification–Source document

   (d) Source document–Classification–Recording–Summarization

2. Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I* | *List–II* |
|---|---|
| A. Fixed assets are valued at cost less depreciation | 1. Going-concern concept |
| B. Appending notes regarding contingent liabilities in accounting statements | 2. Materiality convention |
| C. Insignificant items or events having an insignificant economic effect need not be disclosed | 3. Business entity concept |
| D. Cash withdrawn by the owner to meet personal expenses | 4. Full-disclosure convention |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

3. If Opening stock is Rs 10,000, Net purchases—Rs 70,000, Wages—Rs 2,500, Carriage inward—Rs 500 and Closing stock—Rs 15,000, which one of the following is the Merchandizing cost?

   (a) Rs 65,000

   (b) Rs 83,000

   (c) Rs 68,000

   (d) Rs 73,000

4. Purchases equal to

   (a) Cost of goods sold + Closing inventory – Opening inventory

   (b) Cost of goods sold – Closing inventory + Opening inventory

   (c) Opening inventory + Closing inventory – Cost of goods sold

   (d) None of the above

1. व्यवहारों के लेखाकरण में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक, चरणों का सही अनुक्रम है?

(a) वर्गीकरण–स्रोत प्रलेख–संक्षेपण–अभिलेखन

(b) स्रोत प्रलेख–अभिलेखन–वर्गीकरण–संक्षेपण

(c) अभिलेखन–संक्षेपण–वर्गीकरण–स्रोत प्रलेख

(d) स्रोत प्रलेख–वर्गीकरण–अभिलेखन–संक्षेपण

2. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. स्थिर परिसम्पत्तियों को, लागत में से मूल्यह्रास को घटाकर, मूल्यांकित किया जाता है | 1. सुनाम प्रतिष्ठान संकल्पना |
| B. लेखाकरण विवरणों में आकस्मिक देयताओं के सम्बन्ध में परिशिष्ट टिप्पणियाँ | 2. महत्त्वपूर्णता परिपाटी |
| C. महत्त्वहीन मदों अथवा घटनाओं को, जो आर्थिक प्रभाव में महत्त्वहीन हैं, प्रकट करने की आवश्यकता नहीं होती | 3. व्यवसाय सत्ता संकल्पना |
| D. स्वामी द्वारा व्यक्तिगत व्ययों की पूर्ति के लिए आहरित रोकड़ | 4. पूर्ण प्रकटीकरण परिपाटी |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

3. यदि प्रारम्भिक स्टॉक 10,000 रु०, शुद्ध क्रय 70,000 रु०, मजदूरी 2,500 रु०, आवक ढुलाई 500 रु० तथा अन्तिम स्टॉक 15,000 रु० है, तो निम्नलिखित में से कौन-सी एक क्रय-विक्रय लागत (मर्चेन्डाइजिंग कॉस्ट) है?

(a) 65,000 रु०

(b) 83,000 रु०

(c) 68,000 रु०

(d) 73,000 रु०

4. क्रय बराबर है

(a) विक्रय लागत + अन्तिम मालसूची – प्रारम्भिक मालसूची

(b) विक्रय लागत – अन्तिम मालसूची + प्रारम्भिक मालसूची

(c) प्रारम्भिक मालसूची + अन्तिम मालसूची – विक्रय लागत

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** If Assets of a business entity are Rs 43,000, Liabilities—Rs 3,000, Capital—Rs 40,000 on 1.3.2008 and on that date it sold goods costing Rs 4,000 at Rs 4,500 for cash, which one of the following is the new accounting equation?

*(a)* Assets Rs 45,500 = Liabilities Rs 3,000 + Capital Rs 42,500

*(b)* Assets Rs 43,500 = Liabilities Rs 3,000 + Capital Rs 40,500

*(c)* Assets Rs 41,000 = Liabilities Nil + Capital Rs 41,000

*(d)* Assets Rs 40,500 = Liabilities Rs 3,000 + Capital Rs 37,500

**6.** Given below are the income and expenses of an entity for the year 2007 :

Fee received in cash—Rs 24,000, Accrued fees—Rs 6,000, Rent for chamber paid—Rs 6,000, Outstanding rent—Rs 2,000, Salary to staff paid—Rs 6,000, Miscellaneous expenses paid—Rs 200 and Salary paid in advance to the staff—Rs 1,000

Which one of the following is the amount of income under accrual basis?

*(a)* Rs 11,800

*(b)* Rs 30,000

*(c)* Rs 13,200

*(d)* Rs 16,800

**7.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List–I* *(Method of Valuation)* | | *List–II* *(Asset)* |
|---|---|---|---|
| A. | Valued at cost | 1. | Trademark |
| B. | Valued at cost less amortization till date | 2. | Goodwill |
| C. | Valued at lower of cost and market price | 3. | Mines |
| D. | Valued at cost less depreciation on the basis of actual depletion of reserves | 4. | Marketable securities |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(b)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(c)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(d)* | 3 | 4 | 1 | 2 |

**5.** यदि एक व्यावसायिक सत्ता की परिसम्पत्तियाँ 43,000 रु० हैं, देयताएँ 3,000 रु०, पूँजी 1-3-2008 को 40,000 रु० तथा इस तिथि पर इसने 4,000 रु० की लागत का माल 4,500 रु० रोकड़ के लिए बेचा, तो निम्नलिखित में से कौन-सा एक नया लेखाकरण समीकरण है?

*(a)* परिसम्पत्तियाँ 45,500 रु० = देयताएँ 3,000 रु० + पूँजी 42,500 रु०

*(b)* परिसम्पत्तियाँ 43,500 रु० = देयताएँ 3,000 रु० + पूँजी 40,500 रु०

*(c)* परिसम्पत्तियाँ 41,000 रु० = देयताएँ कोई नहीं + पूँजी 41,000 रु०

*(d)* परिसम्पत्तियाँ 40,500 रु० = देयताएँ 3,000 रु० + पूँजी 37,500 रु०

**6.** वर्ष 2007 के लिए एक सत्ता की आय तथा व्ययों को नीचे दिया गया है :

रोकड़ में प्राप्त शुल्क 24,000 रु०, प्रोद्भूत शुल्क 6,000 रु०, कक्ष के किराये का भुगतान 6,000 रु०, बकाया किराया 2,000 रु०, स्टाफ को वेतन का भुगतान 6,000 रु०, विविध व्ययों का भुगतान 200 रु० तथा स्टाफ को वेतन का अग्रिम भुगतान 1,000 रु०।

प्रोद्भवन आधार के अन्तर्गत, निम्नलिखित में से कौन-सी एक आय की राशि है?

*(a)* 11,800 रु०

*(b)* 30,000 रु०

*(c)* 13,200 रु०

*(d)* 16,800 रु०

**7.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (मूल्यांकन की पद्धति) | सूची-II (परिसम्पत्ति) |
|---|---|
| A. लागत पर मूल्यांकित | 1. व्यापार-चिह्न (ट्रेडमार्क) |
| B. अद्यतन परिशोधन को घटाकर लागत पर मूल्यांकित | 2. सुनाम |
| C. लागत तथा बाजार कीमत में कम पर मूल्यांकित | 3. खानें |
| D. आरक्षित निधियों के वास्तविक अवक्षय के आधार पर मूल्यह्रास को घटाकर लागत पर मूल्यांकित | 4. बिक्री-योग्य प्रतिभूतियाँ |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(b)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(c)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(d)* | 3 | 4 | 1 | 2 |

**8.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|---|
| A. | Capital expenditure | 1. | Money raised by issue of shares |
| B. | Revenue expenditure | 2. | Preliminary expenses |
| C. | Deferred revenue expenditure | 3. | Depreciation |
| D. | Capital receipt | 4. | Freight on machinery purchased |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *(b)* | 1 | 3 | 2 | 4 |
| *(c)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(d)* | 4 | 2 | 3 | 1 |

**9.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List-I (Content)* | | *List-II (Accounting Standard)* |
|---|---|---|---|
| A. | Accounting for Amalgamations | 1. | AS-3 |
| B. | Cash-flow statements | 2. | AS-14 |
| C. | Net profit or loss for the period, prior period items and changes in accounting policies | 3. | AS-10 |
| D. | Accounting for Fixed Assets | 4. | AS-5 |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(b)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(c)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(d)* | 3 | 4 | 1 | 2 |

**10.** How is renewal fee for patent treated as?

*(a)* Capital expenditure

*(b)* Deferred revenue expenditure

*(c)* Revenue expenditure

*(d)* Development expenditure

**8.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I** | **सूची–II** |
|---|---|
| A. पूँजी व्यय | 1. शेयरों के निर्गमन द्वारा उगाही गई राशि |
| B. संचालन व्यय | 2. प्रारम्भिक व्यय |
| C. आस्थगित संचालन व्यय | 3. मूल्यह्रास |
| D. पूँजी प्राप्ति | 4. मशीनरी के खरीदने पर भाड़ा |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *(b)* | 1 | 3 | 2 | 4 |
| *(c)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(d)* | 4 | 2 | 3 | 1 |

**9.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (विषयवस्तु)** | **सूची–II (लेखाकरण मानक)** |
|---|---|
| A. समामेलनों का लेखाकरण | 1. AS–3 |
| B. नकदी प्रवाह विवरण | 2. AS–14 |
| C. अवधि, पूर्व अवधि मदों तथा लेखाकरण नीतियों में परिवर्तन के लिए निवल लाभ अथवा हानि | 3. AS–10 |
| D. स्थिर परिसम्पत्तियों का लेखाकरण | 4. AS–5 |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(b)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(c)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(d)* | 3 | 4 | 1 | 2 |

**10.** पेटेन्ट के नवीकरण का शुल्क क्या माना जाता है?

*(a)* पूँजी व्यय

*(b)* आस्थगित संचालन व्यय

*(c)* संचालन व्यय

*(d)* विकास व्यय

**11.** Given, Purchases—Rs 1,00,000, Sales— Rs 1,80,000, Closing stock—Rs 14,000 and Manufacturing expenses—Rs 10,000. Which one of the following is the value of Opening stock if the rate of gross profit is $33\frac{1}{3}\%$ on cost?

(a) Rs 28,000

(b) Rs 39,000

(c) Rs 37,000

(d) Rs 42,000

**12.** *X* started a garment business on 1.1.2007 with a capital of Rs 1,00,000. Her capital on 31.12.2007 was Rs 1,80,000. During the period she introduced further capital of Rs 30,000 and withdrew from the business for domestic purpose Rs 20,000. Which one of the following is the value of her profit for the year ended 31.12.2007?

(a) Rs 70,000

(b) Rs 1,70,000

(c) Rs 1,90,000

(d) Rs 77,000

**13.** If a trader's sales amount to Rs 18,000 and his gross profit and net profit are 60% and 40% of sales respectively, which one of the following are his expenses if there is no indirect income?

(a) Rs 7,200

(b) Rs 2,500

(c) Rs 3,600

(d) Rs 6,480

**14.** *S* Ltd. has in stock goods worth Rs 10,000 supplied by its parent company *H* Ltd. on which the latter made a profit of 20% on cost. The controlling interest of *H* Ltd. in *S* Ltd. is 80%. At which one of the following amounts, the stock should be shown in the Consolidated Balance Sheet?

(a) Rs 10,000

(b) Rs 8,000

(c) Rs 8,400

(d) Rs 7,500

**15.** Given, Balance of creditors of a firm as on January 1, 2007—Rs 50,000, Cash paid to creditors—Rs 44,000, Bills payable accepted during the year—Rs 10,000, Purchase returns Rs 1,000 and Creditors as on December 31, 2007—Rs 15,000. Which one of the following is the credit purchase of the firm for the same period?

(a) Rs 15,000

(b) Rs 25,000

(c) Rs 20,000

(d) Rs 30,000

**16.** Which one of the following transactions does ***not*** affect the Balance Sheet totals?

(a) Purchase of Rs 5,000 supplies on credit

(b) Payment of Rs 30,000 note payable

(c) Collection of Rs 40,000 from debtors

(d) Withdrawal of Rs 8,000 by owner

**11.** दिया है—

क्रय 1,00,000 रु०, विक्रय 1,80,000 रु०, अन्तिम स्टॉक 14,000 रु० तथा निर्माण-व्यय 10,000 रु०।

यदि सकल लाभ की दर लागत पर $33\frac{1}{3}\%$ है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रारम्भिक स्टॉक का मूल्य है?

*(a)* 28,000 रु०

*(b)* 39,000 रु०

*(c)* 37,000 रु०

*(d)* 42,000 रु०

**12.** *X* ने 1,00,000 रु० की पूँजी के साथ 1-1-2007 को परिधान व्यापार शुरू किया। उसकी पूँजी 31-12-2007 को 1,80,000 रु० थी। इस अवधि के दौरान उसने 30,000 रु० की अतिरिक्त पूँजी लगाई तथा 20,000 रु० घरेलू प्रयोजन के लिए व्यापार से आहरित किए। 31-12-2007 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा उसके लाभ का मूल्य है?

*(a)* 70,000 रु०

*(b)* 1,70,000 रु०

*(c)* 1,90,000 रु०

*(d)* 77,000 रु०

**13.** यदि एक व्यापारी की बिक्री राशि 18,000 रु० है तथा उसका सकल लाभ तथा शुद्ध लाभ बिक्री का क्रमशः 60% और 40% है, एवं यदि कोई अप्रत्यक्ष आय नहीं है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा एक उसका व्यय है?

*(a)* 7,200 रु०

*(b)* 2,500 रु०

*(c)* 3,600 रु०

*(d)* 6,480 रु०

**14.** *S* लिमिटेड के पास 10,000 रु० मूल्य का माल स्टॉक में है जो उसकी मूल कम्पनी *H* लिमिटेड ने लागत पर 20% लाभ के साथ पूर्ति की थी। *H* लिमिटेड का *S* लिमिटेड में नियंत्रक हित 80% है। समेकित तुलन-पत्र में निम्नलिखित में से किस एक राशि पर स्टॉक को दिखाया जाना चाहिए?

*(a)* 10,000 रु०

*(b)* 8,000 रु०

*(c)* 8,400 रु०

*(d)* 7,500 रु०

**15.** दिया है—

1 जनवरी, 2007 को एक फर्म के लेनदारों का शेष 50,000 रु०, लेनदारों को नकद भुगतान 44,000 रु०, देय बिल वर्ष के दौरान स्वीकार किए गए 10,000 रु०, क्रय वापसी 1,000 रु० तथा 31 दिसम्बर, 2007 को लेनदार 15,000 रु०।

निम्नलिखित में से कौन-सा उसी अवधि के लिए फर्म का उधार क्रय है?

*(a)* 15,000 रु०

*(b)* 25,000 रु०

*(c)* 20,000 रु०

*(d)* 30,000 रु०

**16.** निम्नलिखित व्यवहारों में से कौन-सा एक तुलन-पत्र के योग को प्रभावित **नहीं** करता?

*(a)* 5,000 रु० का क्रय उधार पर पूर्ति

*(b)* 30,000 रु० का भुगतान नोट देय

*(c)* देनदारों से 40,000 रु० की वसूली

*(d)* स्वामी द्वारा 8,000 रु० का आहरण

17. You have the information that *X* Ltd. has declared 40% dividend. Which one of the following does it actually mean?

(a) *X* Ltd. has declared 40% of net profit as dividend

(b) *X* Ltd. has declared 40% of profits after tax as dividend

(c) *X* Ltd. will give dividend @ 40% on issued capital

(d) *X* Ltd. will give dividend @ 40% on paid-up capital

18. What does the balance of joint life policy account in the Balance Sheet of a partnership firm represent?

(a) Total premium paid to date

(b) Annual installment of premium payable each year

(c) The policy's surrender value

(d) Amount receivable on maturity

19. Consider the following :

1. Payments to preference shareholders who paid calls in advance
2. Preference dividend
3. Payment to debenture holders
4. Preferential creditors

Which one of the following is the correct order of preferential payments of the above to be followed by the official liquidator in the event of liquidation of the company as per the provisions of the Companies Act, 1956?

(a) 1–2–3–4

(b) 3–4–2–1

(c) 2–1–4–3

(d) 3–2–1–4

20. Which one of the following courses of action is legally available to a company in the event of non-compliance of accounting standards?

(a) The company shall report the matter to the Institute of Chartered Accountants of India

(b) The company shall report the matter to the National Company Law Tribunal

(c) The company shall disclose the deviation from the accounting standards, reason for such deviation and the financial effect thereof

(d) The company shall ignore it

**17.** आपके पास यह सूचना है कि $X$ लिमिटेड ने 40% लाभांश की घोषणा की है। निम्नलिखित में से कौन-सा एक वास्तव में इसका आशय है?

*(a)* $X$ लिमिटेड ने शुद्ध लाभ का 40% लाभांश घोषित किया

*(b)* $X$ लिमिटेड ने कर के पश्चात् लाभों का 40% लाभांश घोषित किया

*(c)* $X$ लिमिटेड निर्गमित पूँजी पर 40% की दर से लाभांश देगी

*(d)* $X$ लिमिटेड पूर्णदत्त पूँजी पर 40% की दर से लाभांश देगी

**18.** एक साझेदारी फर्म के तुलन-पत्र में संयुक्त जीवन पॉलिसी लेखा का शेष किसको निरूपित करता है?

*(a)* तिथि तक कुल प्रीमियम का भुगतान

*(b)* प्रत्येक वर्ष देय वार्षिक प्रीमियम-किश्त

*(c)* पॉलिसी का समर्पण मूल्य

*(d)* परिपक्वता पर प्राप्य राशि

**19.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. अधिमानी शेयरधारियों को भुगतान जिन्होंने माँगों का अग्रिम भुगतान कर दिया है
2. अधिमानी लाभांश
3. ऋणपत्रधारियों को भुगतान
4. अधिमानी लेनदार

निम्नलिखित में से कौन-सा एक उपर्युक्त के अधिमानी भुगतानों का वह सही क्रम है, जिसका कम्पनी अधिनियम, 1956 के उपबन्धों के अनुसार कम्पनी का शासकीय परिसमापक परिसमापन की अवस्था में अनुसरण करेगा?

*(a)* 1–2–3–4

*(b)* 3–4–2–1

*(c)* 2–1–4–3

*(d)* 3–2–1–4

**20.** लेखाकरण मानकों का अनुपालन न होने की स्थिति में एक कम्पनी के पास निम्नलिखित में से कौन-सी एक कार्यप्रक्रिया विधितः उपलब्ध है?

*(a)* कम्पनी भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान को यह मामला रिपोर्ट करेगी

*(b)* कम्पनी राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण को यह मामला रिपोर्ट करेगी

*(c)* कम्पनी लेखाकरण मानकों से विचरणों, इन विचरणों के कारणों तथा इनके वित्तीय प्रभाव को प्रकट करेगी

*(d)* कम्पनी इसकी उपेक्षा करेगी

**21.** Which one of the following pairs is correctly matched?

(a) Share premium : Revenue reserve

(b) Valuation of shares : Super-profit method

(c) Profit prior to incorporation : Capital reserve

(d) Valuation of Goodwill : Intrinsic value

**22.** Consider the following :

1. Fixed Assets
2. Investment
3. Current Assets
4. Loans and Advances
5. Profit and Loss Account
6. Miscellaneous Expenditure

Which one of the following is the correct sequence of the above items appearing in the asset side of the Balance Sheet of a company as per Schedule VI, Part—I of the Companies Act?

(a) 1–2–3–4–5–6

(b) 2–1–5–3–4–6

(c) 2–1–3–5–6–4

(d) 1–2–3–4–6–5

**23.** Given the following information relating to bad debts and provision for doubtful debts of a concern during a period :

Provision for doubtful debts on 1.1.2007—Rs 6,000, Bad debts written off during the current year 2007—Rs 1,200, Total debtors as on 31.12.2007—Rs 80,000. A provision for doubtful debts to be made @ 5%

Which one of the following amounts is to be transferred to Profit and Loss Account?

(a) Rs 5,200 Dr.

(b) Rs 800 Cr.

(c) Rs 2,000 Dr.

(d) Rs 800 Dr.

**24.** For which one of the following purposes, the utilization of Capital Redemption Reserve Account is permitted?

(a) Writing off part of current year's losses

(b) Writing off miscellaneous expenditure like preliminary expenses

(c) Declaring cash dividends

(d) Issuing of fully paid bonus shares

21. निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म सुमेलित है?

(a) शेयर प्रीमियम : संचालन आरक्षित निधि

(b) शेयरों का मूल्यांकन : अधिलाभ पद्धति

(c) निगमन पूर्व लाभ : पूँजी आरक्षित निधि

(d) सुनाम का मूल्यांकन : यथार्थ मूल्य

22. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. स्थिर परिसम्पत्तियाँ
2. विनियोग
3. चालू परिसम्पत्तियाँ
4. ऋण तथा अग्रिम
5. लाभ तथा हानि लेखा
6. विविध व्यय

निम्नलिखित में से कौन-सा एक कम्पनी अधिनियम की अनुसूची VI, भाग I के अनुसार कम्पनी के तुलन-पत्र के परिसम्पत्ति पक्ष में दिखाया जाने वाला उपर्युक्त मदों का सही अनुक्रम है?

(a) 1–2–3–4–5–6

(b) 2–1–5–3–4–6

(c) 2–1–3–5–6–4

(d) 1–2–3–4–6–5

23. एक संस्था की एक अवधि के दौरान अशोध्य ऋणों तथा संदिग्ध ऋणों के प्रावधान से सम्बन्धित सूचनाएँ नीचे दी गई हैं :

1-1-2007 को संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान 6,000 रु०, चालू वर्ष 2007 में अशोध्य ऋणों को बट्टे खाते में डाला गया 1,200 रु०, 31-12-2007 को कुल देनदार 80,000 रु०, संदिग्ध ऋणों के लिए एक प्रावधान 5% की दर से बनाया जाना है।

निम्नलिखित में से कौन-सी एक राशि लाभ तथा हानि लेखे में अन्तरित की जाएगी?

(a) 5,200 रु० नामे

(b) 800 रु० जमा

(c) 2,000 रु० नामे

(d) 800 रु० नामे

24. निम्नलिखित में से किस एक प्रयोजन के लिए पूँजी शोधन आरक्षित निधि लेखा के उपयोग की अनुमति प्राप्त है?

(a) चालू वर्ष की हानियों के भाग को बट्टे खाते में डालना

(b) विविध व्यय को बट्टे खाते में डालना जैसे प्रारम्भिक व्यय

(c) रोकड़ लाभांश की घोषणा

(d) पूर्णदत्त बोनस शेयरों का निर्गमन

25. Given the following information of subscription for a period :

Subscription received during the year 2007—Rs 12,000

Subscription received in advance as on 1.1.2007—Rs 1,500

Subscription outstanding as on 1.1.2007—Rs 500

Subscription outstanding as on 31.12.2007—Rs 700

Subscription received in advance as on 31.12.2007—Rs 2,500

Which one of the following is the amount of subscription to be credited to Income and Expenditure Account?

(a) Rs 14,200

(b) Rs 10,700

(c) Rs 11,200

(d) Rs 9,100

26. *X*, *Y* and *Z* are partners in the ratio of 3 : 2 : 1. *K*, a new partner, is admitted for one-fourth share. Which of the following statements in this regard are correct?

1. *K* and *Y* will get equal amount of profit.
2. *Z* will have to bear the lowest amount of loss.
3. The ratio among *X*, *Y* and *Z* will not change.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 2 only

(c) 1 and 3 only

(d) 2 and 3 only

27. *A* and *B* are partners sharing profits in the ratio of 3 : 2. *C* is admitted with one-third share in the profits. Which one of the following is the new profit-sharing ratio of the partners?

(a) 3 : 2 : 3

(b) 6 : 4 : 3

(c) 6 : 4 : 5

(d) 3 : 2 : 5

28. *A* and *B* are partners sharing profits in the ratio of 5 : 3. *C* is admitted. The new profit-sharing ratio among *A*, *B* and *C* is agreed at 3 : 2 : 1. There was a General Reserve of Rs 18,000 before *C*'s admission. The General Reserve will be distributed

(a) among *A*, *B* and *C* in the ratio of 3 : 2 : 1

(b) among *A*, *B* and *C* equally

(c) between *A* and *B* in the ratio of 5 : 3

(d) as per sacrificing ratio

**25.** एक अवधि के लिए चन्दे की सूचनाएँ नीचे दी गई हैं :

2007 वर्ष के दौरान प्राप्त हुआ
चन्दा—12,000 रु०

1-1-2007 को अग्रिम प्राप्त
चन्दा—1,500 रु०

1-1-2007 को बकाया चन्दा—500 रु०

31-12-2007 को बकाया चन्दा—700 रु०

31-12-2007 को अग्रिम प्राप्त
चन्दा—2,500 रु०

आय तथा व्यय लेखा में निम्नलिखित में से कौन-सी एक चन्दे की राशि जमा की जाएगी?

*(a)* 14,200 रु०

*(b)* 10,700 रु०

*(c)* 11,200 रु०

*(d)* 9,100 रु०

**26.** *X*, *Y* तथा *Z* 3 : 2 : 1 के अनुपात में साझेदार हैं। एक नये साझेदार *K* को एक-चौथाई अंश के लिए शामिल किया गया। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. *K* तथा *Y* लाभ की समान राशि प्राप्त करेंगे
2. *Z* हानि की न्यूनतम राशि को वहन करेगा
3. *X*, *Y* तथा *Z* के मध्य अनुपात में परिवर्तन नहीं होगा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* केवल 2 और 3

**27.** *A* तथा *B* साझेदार हैं जो 3 : 2 के अनुपात में लाभ के भागी हैं। *C* को लाभों के एक-तिहाई भाग के लिए शामिल किया गया। निम्नलिखित में से कौन-सा एक साझेदारों का नया लाभ सह-भाजन अनुपात है?

*(a)* 3 : 2 : 3

*(b)* 6 : 4 : 3

*(c)* 6 : 4 : 5

*(d)* 3 : 2 : 5

**28.** *A* तथा *B* 5 : 3 के लाभ सहभाजन अनुपात में साझेदार हैं। *C* को शामिल किया गया। *A*, *B* तथा *C* 3 : 2 : 1 के नये लाभ सहभाजन अनुपात पर सहमत हुए। *C* के प्रवेश से पूर्व सामान्य आरक्षित निधि में 18,000 रु० थे। सामान्य आरक्षित निधि का वितरण किस रूप में किया जाएगा?

*(a)* *A*, *B* तथा *C* में 3 : 2 : 1 के अनुपात में

*(b)* *A*, *B* तथा *C* में बराबर

*(c)* *A* तथा *B* में 5 : 3 के अनुपात में

*(d)* त्याग अनुपात के अनुसार

29. Consider the following items of liability side of Balance Sheet of a company under the head Reserve and Surplus :

1. Securities Premium Account
2. Sinking Fund
3. Capital Reserve
4. Capital Redemption Reserve

Which one of the following is the correct sequence of appearance of the above items in the Balance Sheet?

(a) 1–3–2–4

(b) 3–4–2–1

(c) 1–3–4–2

(d) 3–4–1–2

30. Which one of the following accounts is neutralized in the event of issue of fully paid bonus shares by a company?

(a) Capital Reserve Account

(b) Bonus to Shareholders Account

(c) Share Capital Account

(d) General Reserve Account

31. Which of the following is/are actually forfeited in case of share forfeiture?

1. Money already paid
2. Share certificate
3. Share capital

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

32. The following Journal Entry appears in the books of *F* Ltd. :

| | *Dr.* Rs | *Cr.* Rs |
|---|---|---|
| Bank Account | 96,000 | |
| Loss on Issue of Debenture Account | 10,000 | |
| To 8% Debenture Account | | 1,00,000 |
| " Premium on Redemption of Debenture Account | | 6,000 |

At which one of the following discounted rates have the debentures been issued?

(a) 10%

(b) 4%

(c) 6%

(d) 10·42%

33. A company offers to its shareholders the right to buy one share of Rs 100 at Rs 150 for every three shares of Rs 100 each held. The market value of each share is Rs 200. Which one of the following is the value of the right for one share?

(a) Rs 12·50

(b) Rs 10·00

(c) Rs 12·00

(d) Rs 11·50

**29.** एक कम्पनी के तुलन-पत्र के दायित्व पक्ष में आरक्षित निधि तथा अधिशेष शीर्षक के अन्तर्गत निम्नलिखित मदों पर विचार कीजिए :

1. प्रतिभूति प्रीमियम लेखा
2. निक्षेप निधि
3. पूँजी आरक्षित निधि
4. पूँजी शोधन आरक्षित निधि

तुलन-पत्र में उपर्युक्त मदों को लिखने का निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही अनुक्रम है?

*(a)* 1–3–2–4

*(b)* 3–4–2–1

*(c)* 1–3–4–2

*(d)* 3–4–1–2

**30.** एक कम्पनी द्वारा पूर्णदत्त बोनस शेयरों के निर्गमन की दशा में निम्नलिखित में से कौन-सा एक लेखा निष्प्रभावी होता है?

*(a)* पूँजी आरक्षित निधि लेखा

*(b)* शेयरधारियों का बोनस लेखा

*(c)* शेयर पूँजी लेखा

*(d)* सामान्य आरक्षित निधि लेखा

**31.** शेयरों की जब्ती की दशा में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से वास्तव में जब्त किया जाता है/किये जाते हैं?

1. पहले से ही किया गया भुगतान
2. शेयर प्रमाण-पत्र
3. शेयर पूँजी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**32.** *F* लिमिटेड की पुस्तकों में निम्नलिखित जर्नल की प्रविष्टि प्रकट हुई :

| | नामे (रु०) | जमा (रु०) |
|---|---|---|
| बैंक लेखा | 96,000 | |
| ऋणपत्र निर्गमन हानि लेखा | 10,000 | |
| 8% ऋणपत्र लेखा | | 1,00,000 |
| ऋणपत्र शोधन प्रीमियम लेखा | | 6,000 |

निम्नलिखित में से किस एक बट्टा दर पर ऋणपत्रों का निर्गमन किया गया?

*(a)* 10%

*(b)* 4%

*(c)* 6%

*(d)* 10·42%

**33.** एक कम्पनी ने अपने शेयरधारियों को 100 रु० वाले प्रत्येक तीन शेयरों के लिए, प्रत्येक 100 रु० वाला शेयर 150 रु० में क्रय करने के अधिकार का प्रस्ताव किया। प्रत्येक शेयर का बाजार मूल्य 200 रु० है। निम्नलिखित में से कौन-सा एक शेयर का अधिकार मूल्य है?

*(a)* 12·50 रु०

*(b)* 10·00 रु०

*(c)* 12·00 रु०

*(d)* 11·50 रु०

**34.** *X* Ltd. issued 10000, 12% debentures of Rs 100 each at Rs 94 on 1.1.2003 under the term that $\frac{1}{5}$th of the debentures are redeemable annually by drawings. Which one of the following is the amount of discount to be written off at the end of the year 2003?

(a) Rs 20,000

(b) Rs 40,000

(c) Rs 66,000

(d) Cannot be computed

**35.** *X* Ltd. forfeited 20 shares of Rs 10 each on which Rs 5 per share were paid up. The company issued these shares @ Rs 8 as fully paid up. Which one of the following is the amount transferred to Capital Reserve Account?

(a) Rs 40

(b) Rs 60

(c) Rs 20

(d) Rs 100

**36.** *XYZ* Ltd. forfeited 5 shares of Rs 10 each issued at 10% premium to Mr. *Z* (Rs 9 called up) on which he had paid application and allotment money (including premium) of Rs 2 and Rs 3 per share respectively. Which one of the following is the amount transferred to Share Forfeiture Account?

(a) Rs 10

(b) Rs 20

(c) Rs 45

(d) Rs 50

**37.** Which one of the following situations is correct when creditors velocity or creditors turnover is higher as compared to debtors velocity?

(a) Improve liquidity

(b) Reduce liquidity

(c) Higher velocity of gross assets block

(d) No impact on liquidity

**38.** Which of the following transactions will improve acid-test ratio?

1. Bills payable dishonoured
2. Cash collected from customers
3. Issue of convertible debentures

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

(a) 1, 2 and 3

(b) 2 only

(c) 3 only

(d) 1 and 3 only

**39.** Given, Sundry debtors—Rs 15,000, Bills receivables—Rs 12,500, Cash at bank—Rs 17,500, Stock—Rs 15,000, Profit—Rs 20,000, Creditors—Rs 25,000, Bills payables—Rs 15,000 and Sales—Rs 1,00,000. Which one of the following is the acid-test ratio?

(a) 1·5 : 1

(b) 1·125 : 1

(c) 1 : 1·5

(d) 1 : 1·125

**34.** $X$ लिमिटेड ने 1-1-2003 को 100 रु० वाले 10000, 12% ऋणपत्र 94 रु० प्रत्येक पर इस शर्त के साथ निर्गमित किए कि $\frac{1}{5}$ ऋणपत्र वार्षिक आहरण द्वारा प्रतिदेय हैं। निम्नलिखित में से कौन-सी एक राशि वर्ष 2003 के अन्त में बट्टे के रूप में बट्टे खाते में जाएगी?

(a) 20,000 रु०

(b) 40,000 रु०

(c) 66,000 रु०

(d) परिगणित नहीं किया जा सकता

**35.** $X$ लिमिटेड ने प्रत्येक 10 रु० वाले 20 शेयरों को जब्त किया, जिन पर 5 रु० प्रति शेयर का भुगतान किया गया था। कम्पनी ने इन शेयरों को 8 रु० की दर से पूर्णदत्त रूप में निर्गमित किया। निम्नलिखित में से कौन-सी एक राशि पूँजी आरक्षित निधि लेखा में हस्तांतरित की जाएगी?

(a) 40 रु०

(b) 60 रु०

(c) 20 रु०

(d) 100 रु०

**36.** $XYZ$ लिमिटेड ने मि० $Z$ को प्रत्येक 10 रु० वाले 10% प्रीमियम (9 रु० माँगी राशि) पर निर्गमित 5 शेयरों को जिन पर उसने आवेदन और आबंटन राशि (प्रीमियम सहित) क्रमशः 2 रु० तथा 3 रु० प्रति शेयर का भुगतान किया था, जब्त किया। निम्नलिखित में से कौन-सी एक राशि शेयर जब्ती लेखा में अन्तरित होगी?

(a) 10 रु०

(b) 20 रु०

(c) 45 रु०

(d) 50 रु०

**37.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक स्थिति सही है जब लेनदार वेग अथवा लेनदार आवर्त, देनदार वेग की तुलना में अधिक है?

(a) सुधरी तरलता

(b) घटी तरलता

(c) सकल परिसम्पत्तियाँ खण्ड का उच्चतर वेग

(d) तरलता पर कोई प्रभाव नहीं

**38.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से व्यवहार, साख-निर्धारण अनुपात को सुधारेगा/सुधारेंगे?

1. अस्वीकृत देय बिल
2. ग्राहकों से रोकड़ संग्रह
3. परिवर्तनीय ऋणपत्रों का निर्गमन

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 2

(c) केवल 3

(d) केवल 1 और 3

**39.** दिया है—

विविध देनदार 15,000 रु०, प्राप्य बिल 12,500 रु०, बैंक में रोकड़ 17,500 रु०, स्टॉक 15,000 रु०, लाभ 20,000 रु०, लेनदार 25,000 रु०, देय बिल 15,000 रु० तथा बिक्री 1,00,000 रु०।

निम्नलिखित में से कौन-सा एक साख-निर्धारण अनुपात है?

(a) 1·5 : 1

(b) 1·125 : 1

(c) 1 : 1·5

(d) 1 : 1·125

**40.** Given below are some of the items of Profit and Loss Account of *X* Company Ltd :

Sales—Rs 1,60,000, Closing stock—Rs 38,000, Non-operating expenses—Rs 800, Non-operating income—Rs 4,800 and Net profit—Rs 28,000

Which one of the following is the operating profit ratio?

*(a)* 18%

*(b)* 20%

*(c)* 15%

*(d)* 57%

**41.** As per the ICAI guidelines, for minimum how many years an auditor should maintain records relating to audit and other works done?

*(a)* One year

*(b)* Five years

*(c)* Seven years

*(d)* Ten years

**42.** An increase in Share Premium Account is

*(a)* an application of fund

*(b)* a source of fund

*(c)* no flow of fund

*(d)* None of the above

**43.** If due to some circumstances, no appointment of a new auditor or reappointment of the old auditor has been made in the annual general meeting of a company, then the

*(a)* old auditor will continue to work

*(b)* Board of Directors will appoint the new auditor

*(c)* Managing Director can appoint the auditor

*(d)* auditor may be appointed by the Central Government

**44.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I* *(Type of Fraud)* | *List–II* *(Example)* |
|---|---|
| A. Suppression of receipts | 1. Making payments against fictitious voucher |
| B. Inflating payments | 2. Inflating the value of closing stock |
| C. Suppression of profits | 3. Not accounting for receipts |
| D. Inflating profits | 4. Charging items of capital nature to revenue |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(b)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(c)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(d)* | 2 | 1 | 4 | 3 |

**40.** *X* कम्पनी लिमिटेड के लाभ तथा हानि लेखा की कुछ मदें नीचे दी गई हैं :

बिक्री 1,60,000 रु०, अन्तिम स्टॉक 38,000 रु०, प्रचालनेतर व्यय 800 रु०, प्रचालनेतर आय 4,800 रु० तथा शुद्ध लाभ 28,000 रु०।

निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रचालन लाभ अनुपात है?

*(a)* 18%

*(b)* 20%

*(c)* 15%

*(d)* 57%

**41.** ICAI के मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार, एक लेखापरीक्षक को लेखापरीक्षा से सम्बन्धित तथा अन्य कार्यों का अभिलेख कम-से-कम कितने वर्षों तक रखना चाहिए?

*(a)* एक वर्ष

*(b)* पाँच वर्ष

*(c)* सात वर्ष

*(d)* दस वर्ष

**42.** शेयर प्रीमियम लेखा में वृद्धि क्या है?

*(a)* निधि का एक अनुप्रयोग

*(b)* निधि का एक स्रोत

*(c)* निधि का प्रवाह नहीं

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** यदि कुछ परिस्थितियों वश, एक कम्पनी की वार्षिक आम सभा में नए लेखापरीक्षक की नियुक्ति या पुराने लेखापरीक्षक की पुनर्नियुक्ति नहीं हो पाती है, तब

*(a)* पुराना लेखापरीक्षक कार्य को चालू रखेगा

*(b)* निदेशक मण्डल नये लेखापरीक्षक को नियुक्त करेगा

*(c)* प्रबन्ध निदेशक लेखापरीक्षक को नियुक्त कर सकता है

*(d)* लेखापरीक्षक केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जा सकता है

**44.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची-I (कपट के प्रकार)** | **सूची-II (उदाहरण)** |
|---|---|
| A. प्राप्तियों को दबाना | 1. कल्पित वाउचर से भुगतान करना |
| B. भुगतानों का परिवर्द्धन | 2. अन्तिम स्टॉक के मूल्य में परिवर्द्धन |
| C. लाभों को दबाना | 3. प्राप्तियों के लिए लेखाकरण नहीं करना |
| D. लाभों का परिवर्द्धन | 4. पूँजी प्रकृति की मदों को रेवेन्यू से प्रभारित करना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(b)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(c)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(d)* | 2 | 1 | 4 | 3 |

**45.** By which of the following methods is secret reserve created?

1. Charging capital expenditure to revenue account
2. Showing contingent liability as actual liability
3. Providing less depreciation on fixed assets
4. Omitting some liabilities

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**46.** What is the correct sequence of the following actions taken by an auditor?

1. Physical verification of assets
2. Routine checking
3. Preparing the audit programme
4. Vouching

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1–4–2–3

*(b)* 2–1–4–3

*(c)* 3–2–4–1

*(d)* 4–3–1–2

**47.** Balance Sheet audit is an audit in which

*(a)* Balance Sheets of a number of years are audited

*(b)* audit of financial statements is done

*(c)* audit is done at the end of the financial year

*(d)* verification of assets and liabilities is done

**48.** 'Teeming and lading' refers to which one of the following?

*(a)* Misappropriation of cash receipts from debtors

*(b)* Misappropriation of cash by showing fictitious purchases

*(c)* Issue of cheque when there is insufficient bank balance

*(d)* Cheques received from debtors but not deposited within reasonable time

**49.** The term 'kiting' refers to which one of the following?

*(a)* Non-recording of cash receipts

*(b)* Manipulation in bank accounts

*(c)* Showing higher depreciation in fixed assets

*(d)* Inflating expenditure

**45.** नीचे दी गई पद्धतियों में से किनके द्वारा गुप्त आरक्षित लेखा सृजित किया जाता है?

1. पूँजी व्यय को संचालन लेखा से प्रभारित करके
2. प्रासंगिक देयता को वास्तविक देयता के रूप में दर्शाकर
3. स्थिर परिसम्पत्तियों पर कम मूल्यह्रास का प्रावधान करके
4. कुछ देयताओं को छोड़कर

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**46.** लेखापरीक्षक के द्वारा किये गये निम्नलिखित कार्यों का कौन-सा सही अनुक्रम है?

1. परिसम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन
2. नेमी जाँच
3. लेखापरीक्षा कार्यक्रम तैयार करना
4. वाउचर प्रमाणन (वाउचिंग)

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1–4–2–3

*(b)* 2–1–4–3

*(c)* 3–2–4–1

*(d)* 4–3–1–2

**47.** तुलन-पत्र लेखापरीक्षा एक लेखापरीक्षा है, जिसमें

*(a)* कई वर्षों के तुलन-पत्र की लेखापरीक्षा की जाती है

*(b)* वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा होती है

*(c)* वित्तीय वर्ष के अन्त में लेखापरीक्षा होती है

*(d)* परिसम्पत्तियों तथा देयताओं का सत्यापन होता है

**48.** 'टीमिंग और लेडिंग' निम्नलिखित में से किस एक को निर्दिष्ट करता है?

*(a)* देनदारों से प्राप्त रोकड़ का दुर्विनियोजन

*(b)* कल्पित क्रयों को दर्शाकर रोकड़ का दुर्विनियोजन

*(c)* जब बैंक शेष अपर्याप्त है, तब चैक जारी करना

*(d)* देनदारों से प्राप्त चैकों को उचित समय के भीतर जमा न करना

**49.** शब्द 'किटिंग', निम्नलिखित में से किस एक को निर्दिष्ट करता है?

*(a)* रोकड़ प्राप्तियों का अभिलेखन न करना

*(b)* बैंक लेखाओं में हेर-फेर करना

*(c)* स्थिर परिसम्पत्तियों में अपेक्षाकृत अधिक मूल्यह्रास दिखाना

*(d)* व्ययों का परिवर्द्धन

**50.** Consider the following statements :

1. The verification of assets and liabilities is primarily the responsibility of the management.
2. Auditor has to satisfy that valuation of assets has been correctly made as per accounting standards and generally accepted principles.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**51.** Consider the following statements :

1. Inventory of by-product should be valued at lower of cost and net realizable value.
2. Inventory of reusable waste should be valued at raw material cost ignoring the reprocessing cost where facilities for reprocessing exist.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**52.** Which of the following is/are the advantage(s) of direct confirmation procedure in auditing?

1. Accurate physical verification of assets
2. Ascertaining accurate balances of debtors, loans and advances
3. Controlling of unnecessary expenditures

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1 and 2 only

*(d)* 1, 2 and 3

**53.** Which one of the following is an example of direct confirmation?

*(a)* Management gives certificate of cash in hand

*(b)* Reconciliation of bank balance

*(c)* Debtors certifying outstanding balance

*(d)* Counting of inventories by the auditor

**50.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. परिसम्पत्तियों तथा देयताओं के सत्यापन का दायित्व मुख्यतः प्रबन्ध का है।
2. लेखापरीक्षक को सन्तुष्ट होना है कि परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन सामान्यतया स्वीकृत सिद्धान्तों तथा लेखाकरण मानकों के अनुसार सही हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**51.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उपोत्पाद की मालसूची, लागत और शुद्ध वसूली मूल्य में कम पर मूल्यांकित होनी चाहिए।
2. पुनः प्रयोज्य अपशेष की मालसूची का मूल्यांकन, जहाँ पर पुनर्प्रक्रमण की सुविधा अस्तित्व में है वहाँ पुनर्प्रक्रमण लागत को छोड़ते हुए, कच्चे माल की लागत पर होना चाहिए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**52.** लेखापरीक्षा में निम्नलिखित में से कौन-सा/से प्रत्यक्ष पुष्टि प्रक्रिया का/के लाभ है/हैं?

1. परिसम्पत्तियों का सही भौतिक सत्यापन
2. देनदारों, ऋणों और अग्रिमों के सही शेषों का निर्धारण
3. अनावश्यक व्ययों पर नियंत्रण

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* 1, 2 और 3

**53.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रत्यक्ष पुष्टि का एक उदाहरण है?

*(a)* प्रबन्ध द्वारा हाथ में रोकड़ का प्रमाण-पत्र देना

*(b)* बैंक शेष का समाधान

*(c)* देनदारों द्वारा प्रमाणित बकाया शेष

*(d)* लेखापरीक्षक द्वारा मालसूचियों की गणना करना

**54.** Which one of the following does ***not*** fall under audit planning (AAS–8)?

*(a)* Developing the audit programme

*(b)* Development of overall plan

*(c)* Knowledge of the client's business

*(d)* Performance of the peer firms

**55.** Consider the following steps in the preparation of an audit programme :

1. To ascertain the nature and scope of audit and its objectives

2. To obtain different records, viz., articles and memorandum of associations, agreement deeds, prospectus and other documents

3. To evaluate the systems of keeping accounts and internal check and internal control system in operation

4. To obtain detailed list of books of accounts and list of personnel responsible for different jobs

Which one of the following is the correct sequence of steps involved in the preparation of an audit programme?

*(a)* 1–2–3–4

*(b)* 3–4–2–1

*(c)* 4–3–2–1

*(d)* 1–3–2–4

**56.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Tool)* | *List–II (Nature of Function)* |
|---|---|
| A. Test checking | 1. Physical verification |
| B. Cash counting | 2. Internal control |
| C. Division of labour | 3. Overall assessment |
| D. Trend analysis | 4. Selective verification |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 2 | 1 | 4 |
| *(b)* | 3 | 1 | 2 | 4 |
| *(c)* | 4 | 2 | 1 | 3 |
| *(d)* | 4 | 1 | 2 | 3 |

**54.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक लेखापरीक्षा योजना (AAS-8) के अन्तर्गत **नहीं** आता?

*(a)* लेखापरीक्षा कार्यक्रम को विकसित करना

*(b)* सम्पूर्ण योजना को विकसित करना

*(c)* ग्राहक के व्यवसाय की जानकारी

*(d)* समकक्षी फर्मों का निष्पादन

**55.** एक लेखापरीक्षा कार्यक्रम बनाने में निम्नलिखित चरणों पर विचार कीजिए :

1. लेखापरीक्षा की प्रकृति तथा क्षेत्र और इसके उद्देश्य अभिनिश्चित करना

2. विभिन्न अभिलेखों जैसे—अन्तर्नियम तथा संस्थापन प्रलेख, करार विलेख, विवरण-पत्र और अन्य प्रलेखों को प्राप्त करना

3. प्रचालन में आन्तरिक जाँच तथा आन्तरिक नियंत्रण विधि तथा लेखों को रखने की विधि का मूल्यांकन करना

4. लेखा पुस्तकों की सम्पूर्ण सूची तथा विभिन्न कार्यों के लिए उत्तरदायी कर्मचारियों की सूची प्राप्त करना

निम्नलिखित में से कौन-सा एक लेखापरीक्षा कार्यक्रम बनाने में शामिल चरणों का सही अनुक्रम है?

*(a)* 1–2–3–4

*(b)* 3–4–2–1

*(c)* 4–3–2–1

*(d)* 1–3–2–4

**56.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची-I (उपकरण)** | **सूची-II (कार्य की प्रकृति)** |
|---|---|
| A. नमूना परीक्षण | 1. भौतिक सत्यापन |
| B. रोकड़ की गणना | 2. आन्तरिक नियंत्रण |
| C. श्रम का विभाजन | 3. समग्र निर्धारण |
| D. प्रवृत्ति विश्लेषण | 4. चुनिन्दा सत्यापन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 2 | 1 | 4 |
| *(b)* | 3 | 1 | 2 | 4 |
| *(c)* | 4 | 2 | 1 | 3 |
| *(d)* | 4 | 1 | 2 | 3 |

**57.** Which one of the following is maintained by the auditor to record all matters of material importance which may require discussion with the client and are generally used in the preparation of his audit report?

*(a)* Auditor's handbook

*(b)* Audit file

*(c)* Auditor's diary

*(d)* Audit notebook

**58.** Consider the following functions of purchase department :

1. Preparation of purchase order
2. Preparation of approved vendor list
3. Invitation of competitive quotation
4. Preparation of debit notes for materials returned

Which one of the following is the correct sequence in which an auditor verifies the above functions?

*(a)* 1–2–3–4

*(b)* 2–1–3–4

*(c)* 2–3–4–1

*(d)* 2–3–1–4

**59.** If a situation calls for pooling the authority of two or more managers, it is referred to as

*(a)* Splintered authority

*(b)* Centralized authority

*(c)* Decentralized authority

*(d)* Recentralized authority

**60.** As per AAS–15, which of the following should be considered by an auditor while determining the sample size?

1. Sampling risk
2. Market risk
3. Expected error
4. Tolerable error

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2, 3 and 4

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1, 3 and 4 only

*(d)* 1 and 2 only

**61.** In which one of the following meetings, the auditor of a company has the right to attend?

*(a)* Every general meeting of the shareholders

*(b)* Only those meetings where accounts are being discussed

*(c)* Only annual general meetings of the company

*(d)* Only those annual general meetings in which the Board of Directors wish to invite him

57. निम्नलिखित में से कौन-सा एक लेखापरीक्षक द्वारा रखा जाता है, जिसमें उन सभी महत्त्वपूर्ण विषयों का अभिलेखन होता है जिनके लिए ग्राहक के साथ वार्तालाप करना आवश्यक हो सकता है, और उन्हें वह सामान्यतया लेखापरीक्षा प्रतिवेदन की तैयारी में प्रयोग करता है?

(a) लेखापरीक्षक की पुस्तिका (हैण्डबुक)

(b) लेखापरीक्षा फाइल

(c) लेखापरीक्षक की डायरी

(d) लेखापरीक्षा नोटबुक

58. क्रयविभाग के निम्नलिखित कार्यों पर विचार कीजिए :

1. क्रय आदेश बनाना
2. स्वीकृत विक्रेता सूची बनाना
3. प्रतियोगी दर (कोटेशन) आमंत्रित करना
4. सामग्री वापसी के लिए नामे-नोट तैयार करना

निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही अनुक्रम है जिसमें कोई लेखापरीक्षक उपर्युक्त कार्य सत्यापित करता है?

(a) 1–2–3–4

(b) 2–1–3–4

(c) 2–3–4–1

(d) 2–3–1–4

